भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 693

(जिसका उत्तर मंगलवार, 08 फरवरी, 2022/19 माघ, 1943 (शक) को दिया जाना है)

जारी किए गए और भुनाये गए निर्वाचन बांड

693. श्री राजमणि पटेलः
श्री शक्तिसिंह गोहिल:
श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा कितनी राशि के निर्वाचन बांड को भुनाया गया है और तत्संबंधी दल-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) निर्वाचन बांड की 19वीं किस्त में कितने निर्वाचन बांड जारी किए गए, शाखा-वार और मूल्यवर्ग-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) निर्वाचन बांड की 19वीं किस्त में राजनीतिक दलों द्वारा कितनी राशि के निर्वाचन बांड को भुनाया गया है और तत्संबंधी दल-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) इसकी स्थापना से अब तक विदेशी निकायों को कितने निर्वाचन बांड जारी किए गए हैं?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा 324.36 करोड़ रुपये की राशि के चुनावी बांड का नकदीकरण किया गया था। ब्यौरे **अनुबंध-I** में दिए गए हैं। चुनावी बांड के नकदीकरण के राजनीतिक दल-वार विवरण केंद्रीय रूप से एसबीआई में एकत्रित नहीं किए जाते हैं।

(ख) 19वीं किश्त में जारी चुनावी बांडों का विवरण **अनुबंध-II** में है।

(ग) चुनावी बांड की 19वीं किश्त में राजनीतिक दलों द्वारा ₹1,212.86 करोड़ रुपये की राशि के चुनावी बांड का नकदीकरण कर दिया गया था। जिसका विवरण **अनुबंध-III** में दिया गया है। चुनावी बांड के नकदीकरण के राजनीतिक दल-वार विवरण केंद्रीय रूप से एसबीआई में एकत्रित नहीं किए जाते हैं।

(घ) दिनांक 02.01.2018 की राजपत्र अधिसूचना संख्या 20 के खंड 3 के अनुसार, खरीद के लिए पात्रता निम्नानुसार परिभाषित की गई है:

(1) इस योजना के तहत एक ऐसा व्यक्ति, जो भारत का नागरिक है या भारत में निगमित या सुस्थापित है, के द्वारा खरीदा जा सकता है।

(2) कोई व्यक्ति एक व्यक्ति होने के नाते अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से बांड खरीद सकता है।

तदनुसार, विदेशी संस्थाओं को कोई चुनावी बांड जारी नहीं किया जा रहा है।

******

अनुबंध-I

वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान भुनाए गए ईबी का विवरण (राशि ₹ में)						
शाखा का नाम	**एक हजार (ओटी)**	**दस हजार (टीटी)**	**एक लाख (ओएल)**	**दस लाख (टीएल)**	**एक करोड़ (ओसी)**	**कुल राशि**
भुवनेश्वर मुख्य शाखा	0	0	0	0	67,00,00,000	67,00,00,000
चेन्नई मुख्य शाखा	0	0	0	0	80,00,00,000	80,00,00,000
हैदराबाद मुख्य शाखा	0	0	5,00,000	4,20,00,000	92,00,00,000	96,25,00,000
कोलकाता मुख्य शाखा	0	0	0	2,00,00,000	40,00,00,000	42,00,00,000
नई दिल्ली मुख्य शाखा	0	1,00,000	30,00,000	4,40,00,000	32,00,00,000	36,71,00,000
पटना मुख्य शाखा	0	0	0	40,00,000	2,00,00,000	2,40,00,000
कुल	**0**	**1,00,000**	**35,00,000**	**11,00,00,000**	**3,13,00,00,000**	**3,24,36,00,000**

अनुबंध-II

19वीं किश्त में जारी चुनावी बांडों की संख्या, शाखा-वार और मूल्यवर्ग-वार						
शाखा का नाम	**एक हजार (ओटी)**	**दस हजार (टीटी)**	**एक लाख (ओएल)**	**दस लाख (टीएल)**	**एक करोड़ (ओसी)**	**कुल राशि**
बेंगलुरु मुख्य	0	0	0	20	0	20
भुवनेश्वर मुख्य शाखा	0	0	0	35	12	47
चंडीगढ़ मुख्य शाखा	0	0	0	10	15	25
चेन्नई मुख्य शाखा	0	0	0	5	227	232
गांधीनगर	0	0	0	110	22	132
हैदराबाद मुख्य शाखा	0	0	0	10	125	135
जयपुर मुख्य शाखा	0	0	0	8	0	8
कोलकाता मुख्य शाखा	1	10	157	189	134	491
लखनऊ मुख्य शाखा	0	0	1	2	14	17
मुंबई मुख्य शाखा	0	0	20	43	485	548
नई दिल्ली मुख्य शाखा	0	0	12	35	114	161
पणजी शाखा	0	0	175	69	8	252
कुल	**1**	**10**	**365**	**536**	**1156**	**2068**

अनुबंध -III

19वीं किश्त में भुनाई गई ईबी की राशि, शाखा-वार और मूल्यवर्ग-वार

(राशि)

शाखा का नाम	**एक हजार (ओटी)**	**दस हजार (टीटी)**	**एक लाख (ओएल)**	**दस लाख (टीएल)**	**एक करोड़ (ओसी)**	**कुल राशि**
भुवनेश्वर मुख्य शाखा	-	-	-	3,00,00,000	47,00,00,000	50,00,00,000
चंडीगढ़ मुख्य शाखा	-	-	-	50,00,000	-	50,00,000
चेन्नई मुख्य शाखा	-	-	-	-	1,00,00,00,000	1,00,00,00,000
कोलकाता मुख्य शाखा	-	-	30,00,000	11,90,00,000	2,12,00,00,000	2,24,20,00,000
लखनऊ मुख्य शाखा	-	-	1,00,000	20,00,000	3,00,00,000	3,21,00,000
मुंबई मुख्य शाखा	-	-	10,00,000	10,00,000	39,00,00,000	39,20,00,000
नई दिल्ली मुख्य शाखा	-	1,00,000	2,84,00,000	37,00,00,000	7,45,00,00,000	7,84,85,00,000
पान जी मुख्य शाखा	-	-	40,00,000	50,00,000	-	90,00,000
पटना मुख्य शाखा	-	-	-	-	10,00,00,000	10,00,00,000
कुल	**-**	**1,00,000**	**3,65,00,000**	**53,20,00,000**	**11,56,00,00,000**	**12,12,86,00,000**

*****